तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

15 सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति के लोगों तक...



16 समाधान पेटी में मांग, समस्या और शिकायत...











## खबर संक्षेप

### आदिवासी जीवन विषय पर संगोष्ठी आज

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में बदलता परिदृश्य और आदिवासी जीवन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह 11 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं थावे विद्यापीठ के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक होंगे। तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में वर्जिनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के डॉ. मोनाली मल के साथ आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार करेंगे। इस संगोष्ठी का समापन समारोह शनिवार को दोपहर 3 बजे होगा जिसके मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल होंगे।

### हनुमान जन्मोत्सव व रामकथा 12 को

**नवापारा-राजिम।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 12 अप्रैल को गांधी चौक टोकरो में जय दुर्गा मानस मंडली के तत्वावधान में एक दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मंडली शामिल होकर राम कथा का रसपान कराएंगे एवं खीर पूरी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### च्वाइस सेंटर संचालक से 20 हजार की ठगी

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली में एक च्वाइस सेंटर संचालक ने एक लड़की ने फोन पे के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवाने के बात कहकर 20 हजार रुपए नगद की ठगी कर ली। मामले में प्रार्थी ने सरायपाली थाने में अज्ञात लड़की के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी प्रकाश नायक पिता भोगीराम नायक अपनी शिकायत में बताया कि वह श्री सांई कंप्यूटर का प्रोपराईटर है और च्वाइस सेंटर का संचालन भी करता है। 7 अप्रैल को एक अज्ञात लड़की लगभग 11:54 बजे आई और बोली कि मुझे रुपये की आवश्यकता है।

# दो मोटर साइकिल की जोरदार भिड़ंत में एक की मौके पर मौत, पांच घायल

**हादसा : दो की सिर में गंभीर, एक की जांघ व अन्य को भी आई हैं मामूली चोटें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

जिले के देवभोग क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को मुड़ागांव के पास दो मोटर साइकिल की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्चे सहित पांच लोग घायल हो गए। यह हादसा इतना भीषण था कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने



मुड़ागांव के पास हुआ हादसा

जांच शुरू कर दी है और घायलों को इलाज के लिए रेफर किया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना जबरदस्त था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। एक की जांघ में गंभीर चोट है, जबकि अन्य को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं।

**चार घायलों को किया रायपुर रेफर-** सूत्रों के अनुसार घायलों में से दो लोग ▶▶|शेष पेज 14 पर

# 2.88 लाख रुपए की गड़बड़ी में लेखापाल व कैशियर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर ब्रांच कैश घपला में 2.88 लाख रुपए की नगदी गड़बड़ी उजागर हुई है। सहायक लेखापाल दीपराज मसीह और कैशियर सुरेश साहू को निलंबित कर जांच शुरू की गई है। गोहरापदर ब्रांच कैश घपला ने गरियाबंद जिले के बैंकिंग सिस्टम को हिला कर रख दिया है। 29 जनवरी 2025 को मैनपुर शाखा प्रबंधक द्वारा की गई आकस्मिक जांच में 2,88,008 रुपये की नगदी में गड़बड़ी उजागर हुई। इस मामले में सहायक लेखापाल दीपराज मसीह और कैशियर सुरेश कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शाखा मैनपुर के प्रबंधक जब गोहरापदर ब्रांच में निरीक्षण करने पहुंचे, तो रजिस्टर के आंकड़े मेल नहीं खा रहे थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि नगद संवितरण की प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई है।

**कर्मचारियों की लापरवाही उजागर-** प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार, दीपराज मसीह और सुरेश साहू ने न केवल दैनिक कैश मिलान में रुचि नहीं ली, बल्कि प्रक्रिया को भी नजर अंदाज किया। बार-बार मिलान में गड़बड़ियों के कारण नगदी की स्थिति अस्पष्ट हो गई।

**नोडल कार्यालय में अटैच**

उपरोक्त लापरवाही को गंभीर दुराचार मानते हुए, दोनों कर्मचारियों को सेवा नियम 60 (3) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उन्हें गरियाबंद नोडल कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें आधा वेतन बतौर जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा, परंतु किसी भी अवकाश या मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

# पर्यटन सूचना केंद्र एवं कैफेटेरिया चालू करने एसडीएम ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

**खबर का असर**

राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं सीएमओ मनीष गायकवाड़ ने गुरुवार को राजिम वीआईपी रोड स्थित टीआईसी एवं कैफेटेरिया का निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि सूचना पर्यटन केंद्र एवं कैफेटेरिया का उचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। पर्यटकों को टीआईसी एवं कैफेटेरिया की जानकारी एवं सुविधा के लिए बोर्ड तक नहीं है। जिस पर एसडीएम ने तत्काल आवश्यक उपलब्ध संसाधनों के उपयोग कर सूचना पर्यटन केंद्र एवं कैफेटेरिया को आरंभ करने का निर्देश दिया। राजिम नगर पंचायत में महेश यादव के पदभार ग्रहण के बाद से राजिम में उपलब्ध सभी संसाधनों एवं सुविधाओं का संज्ञान लेकर निरीक्षण किया जा रहा हैं। उसी का परिणाम है कि करोड़ों की लागत से बने टीआईसी का लाभ राजिम आने वाले पर्यटकों को मिलेगा। गौरतलब है कि अभी हाल ही में हरिभूमि ने औचित्यहीन टीआईसी सेंटर के संदर्भ में समाचार प्रकाशित किया था जिस पर कार्यवाही की गई है।

## हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

बजरंग दल और महावीर अखाड़ा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हो रही थी। परन्तु पिछले दिनों आकस्मिक दुर्घटना घट जाने से कार्यकर्ता नितुल देवांगन का निधन हो गया। अतएव सर्व हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और महावीर अखाड़ा ने निर्णय लिया है कि नितुल देवांगन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 12 अप्रैल को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेगा। कहा कि शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते है। इस दुःख की घड़ी में भगवान श्री राजीव लोचन जी आपको संबल प्रदान करे। उनके परिवार को हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायेंगे। इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के शोभायात्रा कार्यक्रम को स्थगित कर पूरे साल भर किसी भी प्रकार का बड़ा कार्यक्रम ना करने का निर्णय लिया गया है।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम, दुकानदारों ने खाली की जगह

**नवापारा-राजिम।** महानदी पुल के पास इंदिरा मार्केट से लगे अस्थायी रेडिमेड कपड़े के दुकानों को हटाने के लिए गुरुवार दोपहर तहसीलदार सृजन सोनकर के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं पालिका का अमला तथा पुलिस बल पहुंची। दुकानदारों से बातचीत कर हटाए जाने के लिए कहा गया। फलस्वरूप दुकानदारों ने ▶▶|शेष पेज 14 पर






# दुधिया रोशनी में क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर पैरी उदगम भाठीगढ़ मिनी स्टेडियम में लाखो रुपए की लागत से लगभग 2-3 वर्ष पहले हाई मास्क लाइट लगाई गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिता में कोई परेशानी न हो लेकिन ठेकेदार द्वारा आधा अधुरा काम कर छोड़ दिया गया था और क्षेत्र के खिलाड़ियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था मैनपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों का एक प्रतिनिधि मंडल गरियाबंद पहुंच कर कलेक्टर दीपक अग्रवाल को आवेदन देकर इस समस्या से अवगत कराते हुए स्टेडियम में लगाए गए लाइट को प्रारंभ करवाने की मांग किया था जिसके बाद गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इस मामले को गंभीरता से लिया और एक सप्ताह के भीतर स्टेडियम में लगाए गए बिजली हाई मास्क लाइट का पूरी तरह से सुधार करवा कर इसे प्रारंभ करवा दिया जिसके कारण अब पैरी स्टेडियम शाम होते ही बिजली की रौशनी से चमक उठा है और अब प्रतिदिन ▶▶|शेष पेज 14 पर

**स्टेडियम में बंद पड़े हाई मास्क लाइट प्रारंभ**





**जल्द ही अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन**

अब मैनपुर स्टेडियम में दुधिया रौशनी लगने के बाद जल्द ही इसी माह से अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के युवाओं द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारी व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। इस होने वाले क्रिकेट प्रतियोगिता में अन्य प्रदेशों से क्रिकेट टीम पहुंचेगी और लाखों रुपए के इनाम रखे गए हैं सुबह शाम स्टेडियम की साफ सफाई करते खिलाड़ी नजर आ रहे हैं।


मान. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मान. अमित शाह
गृह मंत्री
मान. जे.पी. नड्डा
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष
मान. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
(मुख्यातिथि)
मान. डॉ. रमन सिंह
अध्यक्ष विधान सभा छ.ग. शासन
(अध्यक्षता)
मान. अरूण साव
उप-मुख्यमंत्री छग शासन
(विशिष्ट अतिथि)
मान. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री छग शासन
(विशिष्ट अतिथि)
मान.ओ. पी. चौधरी
वित्त मंत्री
छ.ग. शासन
दयाल दास बघेल
मंत्री खाद्य एंव नागरिक
आपूर्ति छग शासन
रूपकुमारी चौधरी
सासंद
महासमुंद
रोहित साहू
विधायक
राजिम
चुन्नी लाल साहू
पूर्व सासंद
किरण सिंह देव
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष
चन्द्रशेखर साहू
पूर्व कृषि मंत्री
संतोष उपाध्याय
पूर्व विधायक
गौरीशंकर कश्यप
जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद
अनिल चन्द्राकार
जिला भाजपा अध्यक्ष
चन्द्रशेखर साहू
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
लालिमा पारस ठाकुर
वरिष्ठ भाजपा नेता
जिला पंचायत उपाध्यक्ष
इन्द्राणी नेहरू साहू
अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर
भूनेश्वर साहू
उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ
नंदनी ओमकार साहू
जिला पंचायत सभापति
नंदनी कोमल ढीढी
जिला पंचायत सभापति
सतीष यादव
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर,
हरीश साहू
अध्यक्ष सरपंच संघ फिंगेश्वर
रिकेश साहू
अध्यक्ष भाजपा मंडल राजिम
लाल साहू
अध्यक्ष राम मंदिर समीति,
विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में
श्री चंदूलाल साहू जी माननीय अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा
पदभार ग्रहण के पुनित अवसर पर
अनन्त शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाईयां एंव भाजपा की
शीर्ष नेताओं का कोटिश अभार...
11 अप्रैल 2025, शुक्रवार समय- सायं 4.00 बजे
मुख्यालय - सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
मान. चंदूलाल साहू जी
माननीय अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन
श्री रामाधार साहू
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं
पूर्व सरपंच सेंदर
श्री रूपसिंग साहू
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं
ईलाज वाले सामाजिक कार्यकर्ता
श्री मोती निषाद
पूर्व सरपंच
बिजली
11
अप्रैल
ओंकार साहू
हाई स्कूल कौंदकेरा, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ
जन्मोत्सव
की अनंत शुभकामनाएं...
उनके सुखी जीवन दीर्घायु की कामना करते है
विजय कंडरा
विधायक प्रतिनिधि
राजिम
रामजी साहू
भाजपा नेता
फुलझर
गजेश्वर सिन्हा
सरपंच
छुईहा,
कोमल ढीढी
अध्यक्ष सहकारी समिति
जामगांव लचकेरा
ओमकार साहू
अध्यक्ष हाई स्कूल
कौंदकेरा
पद्मा मोती निषाद
सरपंच
बिजली,
नेहरू साहू
भाजपा नेता
ओमप्रकाश साहू
पूर्व सरपंच
देवगांव चरभट्ठी
गजेन्द्र निषाद
पूर्व उपसरपंच
बिजली
टिकेश साहू
सरपंच
सिर्रीखुर्द,
रूपेश साहू
युवा भाजपा
कार्यकर्ता
मदन साहू
भाजपा
कार्यकर्ता
मंगलू साहू
पूर्व सरपंच
रोबा
बाबू लाल साहू
अध्यक्ष
सहकारी समिति कौंदकेरा
दूजलाल साहू
राकेश गामनी
सरपंच
सेंदर
सुकदेव साहू
सरपंच
बारूला
नंदू यादव
जनपद सभापति
फिंगेश्वर
भागीरथी सिन्हा
इंदरमन साहू
पूर्व सरपंच
भैसातरा
उदे राम साहू
पूर्व सरपंच
पतोरा
पन्ना साहू
अजय रोहरा
भाजपा नेता
विनित - गरियाबंद, फिगेंश्वर, राजिम भाजपा कार्यकर्ता
संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

## खबर संक्षेप



### नंदनी-ओमकार बने सभापति

**छुईहा बेलर।** जिला पंचायत गरियाबंद मे क्षेत्र क्रमांक 2 के नंदनी ओमकार साहू को महिला एवं बाल विकास सभापति बनाए जाने पर हर्ष है। बाबूलाल साहू कोपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष, दूजलाल साहू कोषाध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कौन्दकेरा, टिकेश साहू पूर्व सरपंच, रामाधार साहू, मोती निषाद, गजेंद्र निषाद, टिकेश साहू सिररी, मनोज यादव, मकसूदन साहू, मनहरन साहू, मोनू साहू युवा प्रकोष्ठ, राजा नेताम, प्रकाश साहू युवा नेता, शकुन गिरिराज साहू, लोकेश साहू, गजेश्वर सिन्हा सरपंच, तुलाराम साहू , राकेश साहू, जागेश्वर साहू समर्थकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### नमायण सत्संग में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**अभनपुर।** दिनांक 10-04-2025-सतनाम प्रचारक नवयुवक समिति के तत्वाधान मे आयोजित त्रि दिवसीय नमायण सत्संग समारोह नवागांव(ल) मे संपन्न हुआ। समापन अवसर पर अतिथियो एवं समिति द्वारा गांव के कक्षा 12वी एवं 10वी के मेधावी बच्चे धात्री साहू,स्वेता बंजारे,राधिका साहू,निशा कोसले,पिंकी गायकवाड़ का सम्मान कर उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर अध्यक्ष टॉनिक कुर्रे,उपाध्यक्ष फिरोज कोसले,सचिव हिमांचल कुर्रे,कमलेश कोसले,राजू सोनवानी,मनोज कोसले,प्रीतम बंजारे,भूपेन्द्र खांडे,के जूराम सोनवानी,चिताराम सोनवानी,मनमोहन डहरिया,प्रेमलाल कोसले,देवेन्द्र कोसले,चंदन मन्नाडे व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**मौसम :** तेज धूप और लू के थपेड़ों से लोगों के साथ-साथ बेजुबान भी परेशान

# गर्मी का कहर, बिजली बंद, तेज धूप और गर्म हवा से लोग हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

पिछले तीन चार दिनों से तेज धूप और लू के थपेड़ों से लोगों के साथ -साथ बेजुबान भी परेशान व बेहाल है। सड़कों पर गर्मी के कारण अन्य दिनों की अपेक्षा गुरुवार को कम लोग नजर आए। राहत पहुंचाने वाली हवा भी लू बनकर लोगों के शरीर में चुभने लगी है। सूर्य की तपिश से धरती भी गर्म हो गई है। लोग गर्मी और तपती दोपहरी के कारण घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं। मजबूरी में जो लोग घर से निकल भी रहे हैं वे गर्मी से बचने का पूरा इंतजाम कर के साथ। लेकिन चिलचिलाती धूप में सारे इंतजाम नाकाम साबित हो रहा। दोपहर के वक्त आग उगलते सूर्य के सामने न तो गमछा काम आ रहा और न ही स्टॉल। तेज धूप होने और गर्म हवा चलने की वजह से लोगों को घर और बाहर कहीं राहत नहीं मिल रही। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में लगे पंखे का इस्तेमाल कर रहे लेकिन पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं। गर्मी का असर है कि पेय पदार्थों के ठेलों या दुकानों पर हर वक्त ग्राहकों की भीड़ नजर आती है। गन्ने के रस, लस्सी की दुकानों, आइसक्रीम, कोल्डड्रिंक के ठेलों एवं दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए तरह-तरह के जतन अपना रहे हैं।



### तेज धूप में घरों से निकलने से करें परहेज

गर्मी के कारण सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि पशु पक्षी भी बेहाल नजर आ रहे हैं। गर्मी के कारण जहां पक्षी भी ताल-तलैया, नाली आदि के पानी में घुसकर गर्मी से बचने के उपाय कर रहे हैं, वहीं जानवर भी गर्मी से राहत पाने के लिए पानी और ठंढक स्थान की तलाश कर रहे हैं। ताल तलैया व नदियां सूखी होने की वजह से पशु पक्षियों को राहत नहीं मिल पा रही है। धूप में बिना सिर और चेहरे को ढंके निकलने पर लू लगने की आशंका बनी रहती है। साथ ही हीट-स्ट्रोक, बुखार, डायरिया, उल्टी, दस्त आदि का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप में घरों से निकलने से परहेज करें। पानी का सेवन अधिक करें। क्षेत्र के गांव में लोगों को उल्टी दस्त और बुखार की शिकायत ज्यादा आ रही है गर्मी से बेहाल हो चुके हैं लोग नजदीकी डॉक्टर से इलाज करा कर घर में लोग बैठे हैं।

### बिजली कटौली से परेशानी बढ़ी

कोपरा व रवेली सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले गांव में प्रति दिन दोपहर मे दो-तीन घंटों तक बिजली बंद कर रहे हैं। दोपहर शाम को एक घंटा और रात में बिना कारण बिजली को बंद कर दिया जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के चलते लोगों को पंखे कूलर की अति आवश्यक होती है किंतु इधर बिजली विभाग अपनी मनमानी कर कभी भी किसी भी वक्त लाइन को बंद कर दिया जा रहा है। छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति भी दोपहर रात को बिजली का राह ताकते रहते हैं। बिजली की अचानक कटौती से टीवी, पंखा, कूलर, फ्रिज और अन्य समाग्री उड़ गए।

# पंचायत सचिवों ने भगवान महावीर की जयंती मनाई

धरना स्थल पर किया रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पंचायत सचिवों की अनिश्चित कालीन हड़ताल के 24वें दिन बुधवार को मैनपुर जनपद पंचायत परिसर में आन्दोलनरत पंचायत सचिवों ने धार्मिक आयोजन के जरीए शासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की तो वहीं आज 25 वें दिन भगवान महावीर की जयंती मनाई धरना स्थल पर पंचायत सचिवों द्वारा रामायण मानसगान और पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत सचिवों का कहना है कि लम्बे समय से शासकीकरण की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे है लेकिन अब तक शासन ने कोई ठोस पहल नही किया ऐसे में सचिवों की नाराजगीय बढ़ती जा रही है उनका कहना है भाजपा द्वारा मोदी की गरंटी में सचिवों को शासकीकरण करने का वयदा किया गया था लेकिन अब तक उनकी मांगो को पूरा नही किया गया है जिसके कारण सरकार को जगाने कभी नगांड़ा बजाकर धरना प्रदर्शन कर रहे है तो कभी सरकार का ध्यान आकर्षित करने पूजा अर्चना कर रहे है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम ध्रुव, सालिक पटेल, त्रिवेंद्र नागेश, त्रिलोक नागेश, रामेश्वर ध्रुव, निर्मल देसमुख, छबिराम कंवर, संजय राजपूत, दशरू राम जगत, संजय नंदाल, नारिया राम दंता, मनोज साहू, अनीता नेताम, देवराम नागेश, जालधर राजपूत, जालंधर यादव, योगेंद्र यादव, परमेश्वर सेठी, चमपेश्वर वैष्णव, बसंत सिन्हा, ओमप्रकाश कोमर्रा, तुकाराम नायक, घनश्याम नागेश, भोलाराम चक्रधारी, कुलदीप मरकाम, भुपेन्द्र नेताम, मनोज साहू, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, सत्यरंजन, विनोद बिहारी, संतोष गुप्ता, परमेश्वर सेठ्ठी, कैलाश यादव, डोमेश्वरी महिलांगे, सलाम खान, कैलाश ठाकुर, उपेन्द्र नेताम व बड़ी संख्या में मैनपुर विकासखण्ड के सचिव उपस्थित थे।

■ मैनपुर में पंचायत सचिव संघ की हड़ताल 25वें दिन भी जारी रही

## सेंदर में कलशयात्रा के साथ मानसगान सम्मेलन शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सेंदर में गुरुवार से चार दिन तक संगीतमय श्रीरामचरितमानस मानस गान का कलश यात्रा के साथ अगाज हो गया। गुरुवार को प्रथम मानस मंडली के रूप लावण्य निधि बालिका मानस मंडली जमाही घटारानी की शानदार प्रस्तुति हुई। लावण्य निधि दोनों बहनों ने सस्वर मनमोहक भजन कीर्तन ने सबका दिल जीत लिया। उतनी उनकी मंडली की व्याख्या कार परदेशी राम सिन्हा ने राम चरित्र का गुणनवाद किया। शुक्रवार को प्रदेश भर की विशेष आमंत्रित प्रसिद्ध मानस मंडली की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का संयोजक पुर्व सरपंच रामाधार साहू, प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक मंच संचालक व उद्घोषक सुरेश शर्मा, अध्यक्ष डॉ. महेश कुंजाम, उपाध्यक्ष जनक साहू कोषाध्यक्ष योगेश देवांगन, डॉ.



हेमलाल, सचिव तुलस वर्मा उमेश ध्रव, सरपंच सेंदर गामनि राकेश घृतलहरे, उपसरपंच तुलसी वर्मा, अजय वर्मा, चनद्रिका, तुलसी,रामू राम साहू, मुरली साहू, धनेश, गुरुवार को भंडारा व्यवस्था, मंच व्यवस्था एवं गर्मी को देखते कुलर की व्यवस्था किया गया है।








### चैतराई जात्रा 12 को, बैगा पूजा कर गांव की समृद्धि की करेंगे कामना

**रसेला।** ग्राम रसेला में 12 अप्रैल को चैतराई जात्रा धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन गांव के सभी देवी-देवताओं की विधा विधान से गांव के बैगा द्वारा पूजा अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इस दिन किसानों ने बैगा से दोना में धान लेकर खरीब फसल बुआई के समय बीज में मिलाकर उसी धान को खेत में छिड़काव करते हैं। इस दिन सारा कामकाज पूर्ण तरह बंद रखते हैं। जिस तरह खरीफ फसल पूरी तरह कटाई, लुआई कर खलिहान में आने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में गांव बनाई जात्रा का कार्यक्रम किया जाता है। इसी तरह चैत्र माह के पूर्णिमा के दिन या पूर्णिमा के पहले इस जात्रा को बैसाख माह लगने के पहले मनाया जाता है। इस दिन सभी ग्रामवासी मां शीतला मंदिर में इकट्ठा होकर और सालभर गांव संबंधी खर्च का लेखा जोखा आय व्यय पढ़कर सुनाया जाता है। साथ ही साथ शीतला मंदिर में पहुंचे हुए सभी लोगों बैगा से दोना में धान घर लाने की परंपरा चली आ रही है। इसी धान को जब किसान खरीब फसल की बुआई शुभारंभ करते हैं।



**धान की मिसाई की परंपरा को करते हैं पूरा-** गांव के बैगा भागवत कोमर्रा सहयोगी तामेश्वर मरकाम, ज्ञान सिग नागेश, फगनु राम ठाकुर आदि ने बताया कि जिस तरह हम लोग आज आधुनिक युग के चलते टैक्टर या हार्वेस्टर, थ्रेसर से धान की मिजाई करते हैं। मगर आज पुरानी परंपरा को निभाते हुए शीतला मंदिर में 2 या 3 काठा धान लेकर एक जगह रखा जाता है, और खम्हार लकड़ी से उस के बीच में रखकर रस्सी से पीपल पत्ता की बैल बनाकर उसी धान में सात बार घुमाकर धान की मिसाई का परंपरा को पूरा करते हैं। जिस तरह से हम लोग दौरी से धान का मिसाई करते हैं उसी तरह इस परंपरा को चैतराई जात्रा में निभाकर आज पुरानी परंपरा को संजो कर रखे हुए हैं। इस तरह अंचल के गांवों में अपने अपने हिसाब से दिन तिथि के अनुसार मनाते हैं, कई गांवों में चैतराई जात्रा धूमधाम से मनाया जा चुका है।



# भीषण गर्मी में हीट-स्ट्रोक, प्रभावितों के लिए बना एसी वाला लू वार्ड, ठंडे पानी में नहाने बॉथ टब का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी के दौरान हीट-स्ट्रोक का शिकार होने वालों को जिला अस्पताल में होटल जैसी सुविधा वाले वार्ड में भर्ती किया जाएगा। दो बेड के एसी सुविधा वाले इस वार्ड में ठंडे पानी के लिए आरइस मशीन और नहाने के लिए बॉथ टब का इंतजाम भी किया गया है। जिला अस्पताल में हर साल लू वार्ड बनाए जाते हैं, मगर पहली बार इस तरह की अधिक सुविधा जुटाई गई है। अभी राजधानी का तापमान 40-41 डिग्री तक पहुंचा है, जिसकी वजह से लू लगने की शिकायत सामने नहीं आई है। अस्पतालों के मेडिसिन वार्डों में जरूर डिहाईड्रेशन, बुखार, कमजोरी जैसी बीमारी के मरीज दस फीसदी तक जरूर बढ़ गए हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ लू की शिकायत भी बढ़ेगी जिसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी अस्पतालों में लू प्रभावितों के इलाज के लिए लू वार्ड बनाया गया है। जिला अस्पताल पंडरी में लू से निपटने के लिए हीट स्ट्रोक रूम बनाया गया है, जहां जुटाई गई सुविधा किसी होटल से कम नहीं है। दो बेड की सुविधा वाले इस वार्ड में रंगीन परदे के साथ एसी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वहां ठंडे पानी के इंतजाम के साथ आइस बाक्स लगाया गया है। वार्ड में दो बॉथ टब की व्यवस्था की गई है, जिसमें ठंडे के साथ सामान्य पानी की सप्लाई के लिए नल का इंतजाम किया गया है। योजना के मुताबिक इलाज के लिए यहां भर्ती होने वाले लू पीड़ितों को ठंडे पानी में नहाने की सुविधा दी जाएगी। फिलहाल इस वार्ड का उपयोग शुरू नहीं हुआ है, क्योंकि कोई भी लू पीड़ित जिला अस्पताल नहीं पहुंचा है।

जिला अस्पताल में पहली बार ऐसी व्यवस्था, फिलहाल एक भी भर्ती नहीं

गर्मी बढ़ने से डिहाईड्रेशन सहित अन्य बीमारी के मरीज दस फीसदी तक बढ़े



### स्वास्थ्य केंद्रों में भी इंतजाम

जिला अस्पताल के साथ जिले के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और हमर अस्पताल में भी लू प्रभावितों के उपचार के लिए अलग से इंतजाम किया गया है। दो बेड के इस वार्ड में एसी-कूलर का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा दोपहर में ओपीडी में जांच के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए ठंडे पानी के इंतजाम के साथ ओआरएस कार्नर की व्यवस्था की गई, जो मांग पर मरीजों को निशुल्क दिए जाएंगे। अस्पतालों को इस बात की हिदायत भी दी गई है कि आने वाले मरीजों को लू से बचाव के संबंध में जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जाए।

### सभी जिला अस्पतालों को निर्देश

जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार सभी जिला अस्पतालों में लू प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। हीट-स्ट्रोक के दौरान पसीना नहीं निकलने की वजह से शरीर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बुखार ब्रेन तक जाने की वजह से मृत्यु की आशंका भी होती है। ठंडे पानी से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, इसलिए तमाम जिला अस्पतालों में 104 डिग्री टेप्रेंचर वाले लू प्रभावितों के लिए बॉथ टब का इंतजाम किया गया है।

## खबर संक्षेप

### व्यास तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी बिरगांव मंडल द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में दूसरे दिन सोमवार को व्यास तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में बिरगांव मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, चंदेश्वर पटेल, सुमन सिंह, आनंद सिंह ठाकुर, पिंकू गुप्ता, गोपेश्वर देवांगन, जय देवांगन, मोनू मानिकपुरी, संतोष राव सहित कार्यकर्ता शाामिल थे।

### एसबीआई फाउंडेशन की मदद से हुआ 12 हजार का एक्स-रे

**रायपुर।** उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां रहने वालों की जांच कर आवश्यक उपचार उपलब्ध करो 100 दिन का निक्षय निरामय अभियान एसबीआई फाउंडेशन की मदद से पूरा हुआ। अभियान के दौरान फाउंडेशन के सहयोग से स्कूल संस्था द्वारा संचालित डिजिटल एक्स-रे वैन के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। अभियान के दौरान स्कूल संस्था के द्वारा अपनी एआई- एक्स-रे मशीन के माध्यम से लगभग 12 हजार लोगों के एक्स-रे किया गया। रिपोर्ट संदिग्ध पाए जाने पर,व्यक्ति के बलगम का नॉट टेस्ट कराया गया । टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के उपरांत व्यक्ति को, स्कूल संस्था ने प्रोटीन युक्त आहार और मल्टीविटामिन दवाइयां प्रदान की।

### आप प्रभारी 11 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, राज्यसभा सांसद व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक 11 अप्रैल को छग प्रवास पर रहेंगे। इसे लेकर प्रदेश स्तर पर तैयारी शुरू हो गई हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की केंद्रीय कमेटी ने संजीव झा की जगह डॉ. संदीप पाठक जी को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी बनाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, उनके मार्गदर्शन में पार्टी प्रदेश में तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगी।

## निधन

### प्रीतम सिंह यादव



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत मैनपुर कला के प्रीतम सिंह यादव का निधन गुरुवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरीक शामिल हुए।

## प्रशिक्षण : जैविक खेती व प्राकृतिक खेती पर क्षमता विकास प्रशिक्षण में 40 महिला किसान हुई शामिल

# जैविक एवं प्राकृतिक में रासायनिक खेती से आती है कम लागत, अनेकों लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महिला किसान मुखियाओं का एकदिवसीय जैविक खेती/प्राकृतिक खेती पर क्षमता विकास प्रशिक्षण लोक आस्था सेवा संस्थान एवं तकनीकी सहयोग कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद के द्वारा वूमेनिटी के सहयोग से इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिसमें छुरा और गरियाबंद ब्लॉक की 40 महिला किसान शामिल हुई। प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए डॉ. मनीष चौरसिया वरिष्ठ वैज्ञानिक और संस्था प्रमुख लता नेताम ने सभी महिला किसान का स्वागत करते हुए मनीष ने बताया कि जैविक/ प्राकृतिक खेती रासायनिक खेती से लागत कम आता है और इसके लाभ बहुत है। रासायनिक खेती से कई प्रकार की बीमारी और मिट्टी प्रदूषित नहीं होता है। प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद डॉक्टर शालू अब्राहम कृषि वैज्ञानिक ने जैविक और प्राकृतिक खेती के बारे जानकारी देते हुए बताया कि 1960 की दौर में हमारा देश खाद्यान्न की संकट की स्थिति में था उसके बाद हरित क्रांति का युग आया जिसमें पैदावार के बढ़ावा के लिए रासायनिक खेती की शुरुआत हुई लेकिन आज के दौर में हम खाद्यान्न संकट से बाहर आ चुके है और फिर से एक बार प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौट रहे है प्राकृतिक खेती का आशय है कि इसमें हम किसी भी प्रकार का रासायनिक खाद्य का इस्तेमाल नहीं करते है इसे देशी खेती भी कहा जाता है। यह एक प्राचीन पद्धति है।





### जैविक पद्धति खेती से बीमारी से बच सकते हैं

डॉक्टर शालू ने बताया कि बिजामृत आप कैसे तैयार कर सकते है इसमें बीज का उपचार करना और मलचिंग वफसा विधि के बारे में जानकारी दिया इसके बाद बताया कि धान की फसल के लिए नाइट्रोजन फास्फोरस, पोटाश की जरूरत होता है इसके जगह पर आप कैसे गाय के गोबर गौमूत्र और बेसन गुड के सहायता से जैविक खाद्य तैयार करके उपयोग कर सकते है जैसे जीवामृत, घनजीवामृत को खाद्य के रूप में उपयोग कर सकते इससे मिट्टी भी स्वस्थ रहती है और जैविक पद्धति से खेती से हमें बहुत कुछ बीमारी से भी बचाव करती है नहीं तो आज कल डायबिटीज कैंसर जैसे बीमारी भी पांव पसार रहे जो कि पहले नहीं था इसके बाद मैडम ने जीवामृत और निर्मास्त्र बनाने की विधि प्रयोगशाला के माध्यम से व बताया। जिसमें जीव अमृत में 10 किलोग्राम गोबर खाद्य 10 लीटर गौमूत्र गुड 2 किलोग्राम और बेसन की सहायता से इसे हम तैयार कर सकते हैं और डीएपी खाद्य की जगह उपयोग कर सकते है उसी तरह से कीटनाशक के रूप में निमास्त्र का उपयोग कर सकते है। प्रशिक्षण में मटेरियल के साथ प्रैक्टिकल कर बनाने की विधि बताया गया तथा सभी को प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए सभी प्रतिभागी से अपील की गई।

# स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत स्काउटस एवं गाइडस छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला संघ व जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं जिला डीओसी आशीष साहू (स्काउट) सीमा साहू डी.ओ.सी(गाइड ) के नेतृत्व मे जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत द्वारा फीता काटकर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। फिंगेश्वर विकास खंड में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेशवर के द्वारा शुभारंभ हुआ। बीईओ रामेंद्र जोशी और विकासखंड सचिव एसएस कंवर द्वारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास के सौजन्य से प्याऊ घर का संचालन किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड आजीवन सदस्य राजू साहू, रामू राम साहू, नोस राम साहू, खेलावन सोनवानी, विकासखंड सचिव एनएस कंवर गिरवर यादव उपस्थित थे। विकासखंड छुरा में सचिव प्रेमलाल साहू द्वारा सौजन्य गायत्री शक्तिपीठ छुरा, सहयोग शकुंतला ध्रुव, शिक्षिका गाइडर राजेश्वरी ठाकुर, प्याऊ घर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि एनसी साहू प्राचार्य छुरा, प्रदीप मिश्रा प्राचार्य सेजेस अंग्रेजी छुरा, तिलक राम साहू शिक्षक उपस्थित थे। गरियाबंद विकासखंड में विकासखंड सचिव लुकेश्वर प्रधान एवं धर्मेंद्र ठाकुर द्वारा नेशनल बुक डिपो एवं स्टेशनरी के प्रो.असफाक मेमन के सौजन्य से प्याऊ घर का संचालन किया गया। मैनपुर विकासखंड में रामप्रसाद साहू विकास खंड द्वारा मैनपुर में ग्राम पंचायत मैनपुर खुर्द के सौजन्य से बस स्टैंड मैनपुर में प्याऊ घर का संचालन किया गया। देवभोग में मुरारी लाल साहू द्वारा आशीष पांडेय समाजसेवी के सौजन्य एवं सहयोग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्राचार्य एवं स्काउटर गाइडर की उपस्थिति में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में अनुशासन, स्वालंबन,चरित्र निर्माण, स्वास्थ्य शिक्षा के साथ साथ सेवा कार्य का भाव सिखाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में गरियाबंद जिले के सभी विकासखंड में स्काउट गाइड,रोवर रेंजर के सहयोग से प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक कुमार बौद्ध प्राचार्य सेजेस अंग्रेजी माध्यम, विकास खंड सचिव लुकेश्वर प्रधान फुलकर्रा, धर्मेंद्र ठाकुर दर्रीपारा, राज्यपाल सम्मानित उग्रसेन यादव, दुष्यंत वर्मा, वर्षा पटेल, किरण सारथी, गोविंद सिन्हा सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फुलकर्रा, दर्रीपारा, सेजेश बालक शाला, सेजेश अंग्रेजी माध्यम, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद, शाला कन्या उच्चतर माध्यमि विद्यालय गरियाबंद के स्काउट्स एवं गाइडस उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

डीजीजीआई ने की कार्रवाई, दिल्ली के बोगस कंपनी के नाम से फर्जी बिल बनाकर टैक्स चोरी कर रहे थे

# फर्जी बिल से 135 करोड़ रुपए का कारोबार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटिलिजेंस (डीजीजीआई) ने रायपुर को दो कारोबारियों को 135 करोड़ रुपए के फर्जी बिल जनरेट कर 24 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लाभ लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारियों पर दिल्ली की सेल कंपनियों के नाम से फर्जी बिलिंग कर टैक्स चोरी करने का आरोप है। डीजीजीआई की टीम ने अजय ट्रेडर्स तथा शुभम सेल्स के संचालक अजय सिंह तथा शुभम कुमार को टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों फर्म द्वारा 94 तथा 41 करोड़ रुपए के फर्जी बिलिंग कर इनपुट टैक्स क्रेडिट लाभ लेने का आरोप है। इनके द्वारा टीएमटी, एंगल तथा चेनल तथा अन्य उत्पाद करने की खरीदी दिखाई गई थी। डीजीजीआई ने दोनों फर्म के माल खरीदी के संबंध में पेश किए गए बिल की जांच की तो दस्तावेज सही नहीं पाए गए। दोनों फर्मों के दिल्ली के जिन लोगों से माल खरीदी करना दर्शाया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई तो दिल्ली की कंपनी फर्जी होना पाया गया।





### जिपं अध्यक्ष गौरीशंकर ने वनमंत्री से की मुलाकात

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने राजधानी रायपुर पहुंचकर वन एवं जल संसाधन सहकारिता संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान वन मंत्री ने जिला पंचायत अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया।

## समस्याओं के निराकरण का संकल्प लेकर मनाया जा रहा है सुशासन तिहार : महेश

**राजिम।** राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि राजिम नगर की जनता जनार्दन की समस्याओं से रूबरू होकर एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सुशासन त्योहार मनाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सुशासन त्यौहार 2025 का आगाज हुआ है। साफ-सफाई, नल, पेयजल, बिजली, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राजस्व, पट्टा,जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्य प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी विभागों से संबंधित आवेदन नगर पंचायत राजिम द्वारा लिए जा रहे है। श्री यादव ने बताया कि दिनांक 8 से 11 अप्रैल तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही मोड में आवेदन लिए जा रहें है। राजिम नगर पंचायत में अब तक टोटल फार्म 392 और इसी के साथ 382 मांग तथा 10 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए है। आवेदन की गोपनीयता एवं सुरक्षा के लिए नगर पंचायत में सील बंद पेटी रखी गई है। प्राप्त आवेदनों की रिसीव्ह भी आवेदक को दी जा रही है।



# पार्थिव शिव लिंगों का निर्माण करके किया सहस्त्रधारा महारुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम निमोरा मे 400 से अधिक तीर्थ स्थानो से लाया गया जल व मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर महारूद्राभिषेक एवं इसी तीर्थ स्थानो के जल से भगवान स्फटीक शिवलिंग का हजार धारा से अभिषेक प्रधानाचार्य आचार्य प्रमोद शास्त्री एवं यज्ञाचार्य आचार्य रामप्रताप शास्त्री एवं 51 वैदिक विद्धानो के सानिध्य मे नमक चमक आवित के द्वारा यह अभिषेक संपन्न हो रहा है। प्रतिदिन 8 बजे से 1बजे तक पंचवेदियो एवं मंडप पूजन एवं द्वितीय सत्र मे एकादश नमक चमक आवित के द्वारा भगवान रूद्र नारायण को आहूति प्रदान की जा रही है,इस पंच कुंडीय अतिरूद्र महायज्ञ मे पांचो कुंडो की अलग अलग महिमा बताई गई है प्रथम जनकल्याण के लिए,दूसरा सुंदर स्वस्थ संतान के लिए,तीसरा रोगो की मुक्ति के लिए,चौथा लक्ष्मी प्राप्ति के लिए,पांचवा जीवन मे अनुकुलता पाने के लिए आहूति प्रदान की जा रही है साथ ही इस महायज्ञ मे उमेशानंद गिरिजी महराज,रामबालकदास जी महराज,दण्डीस्वामी इंदुभवानंद जी आदि प्रकाट्य विद्धानो का प्रवचन लगातार चलता रहता है जिसमे बड़ी संख्या मे भक्त कथा का श्रवण कर रहे है। रात्रि मे 8 से 10 बजे तक अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम जगराता,पंडवानी,रामायण,कवि सम्मेलन आदि का आयोजन हो रहा है।

■ 400 से अधिक तीर्थों से लाया गया जल और मिट्टी से बनाया शिवलिंग





**सर्व कल्याण की भावना से प्रेरित है अनुष्ठान-** इस संबंध मे आयोजनकर्ता मूर्तिकार पीलूराम साहू ने चर्चा करते बताया कि हम एक मध्यम वर्गीय पविार से है,इतने बड़े यज्ञ करवाने का हमारी हैसियत नही है यह सब मां महाकालेश्वरी माता की कृपा से हो रहा है उन्होने बताया कि इस यज्ञ की तैयारी विगत 5 वर्षो से की जा रही थी 400 से अधिक तीर्थस्थानो का जल व मिट्टी एकत्रित कर यह यज्ञ संपन्न हो रही है पीलू राम साहू द्वारा 2011 मे भी सतचंडी महायज्ञ एवं 2017 मे सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन कराया जा चुका है उन्होने बताया कि माता जी के आशीर्वाद से जनकल्याण के लिए यह आयोजन संपन्न हो रहा है प्रतिदिन हजारो श्रद्धालु परिक्रमा करने पहुंचते है यज्ञ की परिक्रमा मे एक एक पग चलने से एक एक अश्वमेघ यज्ञ का पुण्यफल सहज रूप से प्राप्त होता हे ऐसा हमारे प्रचीन वेदो मे वर्णित है तथा क्षेत्रवासियो से निवेदन है कि सभी भक्त आकर यज्ञ नारायण का दर्शन लाभ ले महायज्ञ के पूर्णाहूति हनुमान जंयती के अवसर पर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज आशीर्वाद देने आ रहे है साथ ही यज्ञ का लाभ लेने बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि पहुंच रहे है।

## यूजर चार्ज के रूप में करीब 40 करोड़ की वसूली

# 31 मार्च तक 287 करोड़ की वसूली, 1 महीना बढ़ाई मियाद, प्रापर्टी टैक्स वसूली 300 करोड़ पार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को निगम आयुक्त ने 350 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। महकमे ने 31 मार्च तक 285 करोड़ की राजस्व वसूली की है, जो कि निर्धारित टारगेट से 63 करोड़ रुपये कम है। करदाताओं की सुविधा के लिए राज्य शासन के 1 माह तक का समय प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए अतिरिक्त दिया है। मियाद बढ़ने के बाद भी स्थिति ये है कि प्रतिदिन औसतन 30 से 35 लाख रुपए की राजस्व वसूली हो पा रही है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि महीनाभर में वसूली का आंकड़ा 300 करोड़ के पार पहुंच सकता है। खास बात ये है कि डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिये जाने वाले यूजर चार्ज में इस बार करीब 40 करोड़ की वसूली प्रापर्टी टैक्स के साथ की गई, जो कि पिछली बार के यूजर चार्ज वसूली से 5 करोड़ रुपये ज्यादा है। दरअसल, नगरीय निकाय चुनाव सहित अन्य कारणों से राजस्व वसूली की रफ्तार इस बार जोर नहीं पकड़ पायी। निगम प्रशासन ने सरकारी अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली शिविर लगाकर करदाताओं को बकाया कर भुगतान की सुविधा दी। यही नहीं, निगम मुख्यालय में भी करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए सदर काउंटर खोले गए। निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार दिया, ताकि राजस्व वसूली में कोई कमी न रह जाए।

### राजस्व वसूली के लिए निजी एजेंसी लाने की तैयारी

शहरी सरकार निगम की राजस्व वसूली का काम निजी एजेंसी से कराने की तैयारी में है। इसके लिए सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव लाकर इसे मंजूरी दी गई है। महापौर मीनल चौबे और उनकी परिषद टैक्स वसूली का काम आने वाले दिनों में राजस्व महकमे से कराने की जगह इस कार्य के लिए निजी एजेंसी को जिम्मा देगी। विदित हो कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में राजस्व वसूली निजी एजेंसी से कराने का प्रस्ताव लाये जाने पर विपक्ष ने इसका विरोध करते हुए प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज कर दिया था, लेकिन निगम की सत्ता में भाजपा की शहरी सरकार आने पर राजस्व वसूली निजी एजेंसी को देने की तैयारी है।

## पेज 11 के शेष...

### दो मोटर साइकिल...

करलीमुड़ा देवभोग के निवासी हैं, जबकि बाकी लोग मध्यप्रदेश से काम के सिलसिले में देवभोग आए हुए थे। देवभोग अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं गंभीर रूप से घायल चारों व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अतिक्रमण हटाने पहुंची...

अपने सामान को स्वतः ही खाली करना प्रारंभ कर दिया। शाम तक दुकानों में रखे सामान खाली हो गए थे। कुछ दुकानदारों ने अस्थाई बने शेड को निकालना भी प्रारंभ कर दिया है। हालांकि पालिका की जेसीबी वहां खड़ी दिखी किंतु पालिका एवं पुलिस प्रशासन को सख्ती की आवश्यकता नहीं पड़ी। यह एक ऐसा प्वाइंट है जहां आए दिन कुछ न कुछ घटना-दुर्घटना होती है। पखवाड़े भर पहले इसी प्वाइंट पर एक कार चालक द्वारा दुर्घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। उसी दिन प्रशासनिक अफसरों ने एक विशेष बैठक आयोजित कर इसे गंभीरता से लिया था। गुरुवार को हुई कार्यवाही को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे यहां पर यातायात का बहुत ज्यादा दबाव रहता है।

### दुधिया रोशनी में...

इस स्टेडियम में रात को क्रिकेट, बॉलीबॉल, बेडमेंटन के खिलाड़ी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और खेलकूद करते दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र के खिलाड़ियों ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा की कलेक्टर को समस्या बताते ही उन्होने एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान कर दिया और क्षेत्र के खिलाड़ियों को अब इस स्टेडियम में रात्रिकालीन खेल प्रतियोंगिता का लाभ मिल रहा है। क्षेत्र के खिलाड़ी टीकम पटेल, रसीदखान, उपेन्द्र साहू, हिरालाल, नंदकिशोर पटेल, वरूण कुमार, मुकेश सिंह, टिकेश्वर निर्मलकर, भागवत, सुलतान खान, भुनेश्वर, जगदीश, छबीलाल, तुलसी राम, रमेश, दीपक यादव सहित क्षेत्र के खिलाड़ियों ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्टेडियम में कुछ मूलभूत बुनियादी जरूरत को जल्द पूरा किया जाय तो इस स्टेडियम का लाभ पूरे क्षेत्र के लोगो को मिलेगा ओर यहां से बेहतर खिलाड़ी तैयार होंगे।

**लक्ष्य : नगर के लोगों को बुनियादी सुविधाएं, पेयजल और सुलभ आवागमन उपलब्ध करवाएंगे**

# महानदी को पुराने वैभव में लाना, राजिम का समग्र विकास ही मेरा लक्ष्य : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के नगर पंचायत में नए अध्यक्ष महेश यादव ने अपनी पारी की शुरूआत कर ली है। आगामी दिनों के कार्ययोजना के संदर्भ में नगर पंचायत महेश यादव से हरिभूमि से बातचीत की। जिस पर श्री यादव ने राजिम के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना एवं रूपरेखा के संदर्भ में बताया कि राजिम नगर में साफ-सफाई, प्रत्येक घरों में पेयजल की आपूर्ति, सुलभ आवागमन सहित सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं नगर के लोगों को उपलब्ध करवाना प्रथम एवं सर्वोच्च प्राथमिकता है। राजिम धार्मिक नगरी है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश-विदेश के लोग आस्था एवं विश्वास के साथ भगवान श्री राजीव लोचन एवं भगवान श्री कुलेश्वरनाथ जी के दर्शन के लिए आते है। राजिम त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने आते है इसके अलावा अस्थि विसर्जन एवं शांति पूजन के लिए भी हजारों की संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। महानदी की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। श्री यादव ने कहा कि महानदी को पुराने वैभव में लाने का भरसक प्रयास रहेगा। राजिम में महानदी से प्रदूषण समाप्त करना एवं नदी में साल भर अविरल एवं स्वच्छ पानी का बहाव होता रहे इसके लिए प्रयास करूंगा। राजिम त्रिवेणी केवल नदी नहीं बल्कि आस्था का केंद्र है। राजिम वासियों के साथ-साथ आसपास के गांव के लोगों ने नदी में प्रदूषण पर चिंता जाहिर की। जिसका मुझे बखुबी संज्ञान है।



## यात्री प्रतीक्षालय का किया जाएगा निर्माण

राजिम नगर रायपुर से गरियाबंद-मैनपुर देवभोग जाने वाले मार्ग पर स्थित है। एक अन्य मार्ग महासमुंद को जोड़ता है। छुरा एवं नगरी का मार्ग भी राजिम होकर गुजरता है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि रोज हजारों की संख्या में लोग राजिम के विभिन्न स्थानों से बस द्वारा अपने गंतव्य के लिए यात्रा करते है। अब तक राजिम के किसी भी स्थान पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं है। गर्मी एवं बरसात के दिनों में यात्रियों एवं आसपास गांव से पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं को खुले में बस का इंतजार करना पड़ता है। जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। राजिम क्षेत्र के विभिन्न बस स्टॉप सेंटर को चिन्हित कर उन स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण करना है। यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण की रूपरेखा एवं एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। जिसे आगामी कुछ दिनों में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया

## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के संस्थान खोले जाएंगे

श्री यादव ने बताया कि राजिम शिक्षा को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर लाना है। उच्च शिक्षा के लिए राजिम में एक मात्र राजीव लोचन महाविद्यालय है। तकनीकी शिक्षा के संस्थान नहीं है। राजिम वासियों एवं आसपास के आश्रित गांव के छात्र-छात्राओं को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता है जिससे छात्रों एवं पालकों को अन्य शहर जाने या वहां जाकर रहने में अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है। शिक्षा के संस्थान खोलने के लिए विधायक रोहित साहू से आग्रह कर तकनीकी शिक्षा के संस्थान खोलने का प्रयास करूंगा। जिसमें प्रथम प्राथमिकता औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की रहेगी। एवं आगामी वर्षों में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के बड़े संस्थान खोलने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## लाइब्रेरी की जल्द मिलेगी सौगात



राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि राजिम नगर में 50 लख रुपए की लागत से पुस्तकालय भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। आगामी कुछ दिनों में पुस्तकालय का शुभारंभ किया जाना है। श्री यादव ने बताया कि पुस्तकालय में शिक्षाप्रद किताब, साहित्य कविता की किताब, अखबार, रोजगार निर्माण, रोजगार समाचार के साथ साथ धार्मिक पुस्तक एवं ग्रंथ रखे जाएंगे। पुस्तकालय को बैंक बुक के रूप में भी विकसित करने की योजना है। जिसका लाभ राजिम नगर के लोगों के अतिरिक्त आसपास गांव के लोगों एवं छात्र-छात्राओं को मिलेगा। लाइब्रेरी का उन्नयन डिजिटल ई-लाइब्रेरी के रूप में परिवर्तित करने का भी प्रयास रहेगा।

## आगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखकर निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे

राजिम नगर का विकास कार्य राजिम के वैभव के अनुरूप किया जाएगा। मार्गो का चौड़ीकरण, तालाबों का सौंदर्यीकरण करने की योजना है। राजिम नगर पंचायत क्षेत्र सीमा के अंतर्गत शासकीय जमीन को चिन्हित कर कॉम्प्लेक्स एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण किए जाने की योजना है। राजिम में पर्यटन को और अधिक विकसित करने एवं राजिम कुंभ की ख्याति देश विदेश तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। विधायक रोहित साहू के सलाह एवं मार्गदर्शन से राजिम में विकास की कार्य किए जाएंगे। आगामी 20 वर्षों को ध्यान में आवश्यक संसाधन का निर्माण एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य किए जाएंगे। राजिम के प्रबुद्ध, गणमान्य एवं समाज प्रमुखों की समिति बनाकर उनके सलाह अनुरूप विकास की रूपरेखा बनाई जाएगी।

# सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचे : रोहित साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर का मंडल स्तरीय सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन 9 अप्रैल को आयोजित किया गया। बैठक मे विधायक रोहित साहू ने कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचे।



■ भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला के निर्देशानुसार संगठन द्वारा अनेक कार्य किया जा रहा है जिसके तहत 6 अप्रैल से 14 अप्रैल यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी के तहत आज 9 अप्रैल को मानस भवन फिगेश्वर मे सक्रीय सदस्यों का बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू, ईश्वर लाल साहू शामिल हुए। जिसमें संबंधित विषयों को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी और और प्रदेश में मुख्यमंत्री के सुशासन के तहत शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रहे हैं जिससे कि आज देश में सुशासन की सरकार चल रही है और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय विचारधारा एवं नेक नियत से सरकार प्रदेश मे कार्य कर रही है। सरकार की योजनाएं फलीभूत हो। अंतिम पंक्ति मे बैठे लोगों के घरों तक सरकार की योजनाएं पहुंचे हम सभी कार्यकर्ताओ का यही उदेदश्य होना चाहिए जिससे प्रदेश मे सुशासन की लहर बनी रही।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित, छाया अध्यक्ष उत्तम राजवंशी, महामंत्री मिजून साहू, मंत्री संत राम साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिश साहू, होरीलाल साहू, भुवन साहू, तुलाराम साहू, छबीराम यादव, सुकदेव साहू, संतराम साहू, अश्वनी साहू, सुखदेव साहू, नोस राम साहू सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल फिंगेश्वर में प्रवेश प्रारंभ

**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से आवेदन प्रारंभ हुआ है, प्रवेश के लिए सभी पालक गण आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 31 मई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होना चाहिए जिन बच्चों के पालक की कोरोना से मृत्यु हुई है ऐसे पालकों के बच्चों को महतारी दुलार योजना के तहत सीधे प्रवेश दिया जायेगा। 25 प्रतिशत बीपीएल परिवार के बच्चे व कुल आरक्षित सीटों में 50 प्रतिशत बालिकाओं को प्रवेश दिया जायेगा। जिन कक्षाओं में वर्तमान में सीट रिक्त नहीं है आनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहा है, ऐसे पालक अपने बच्चों का आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ पूर्व कक्षा की अंकसूची भी लगाए। कक्षा 2 या इससे ऊपर की कक्षाओं में केवल अंग्रेजी माध्यम के बच्चों को प्रवेश दिया जायेगा। आनलाइन आवेदन करने के पश्चात पालक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र व गरीबी रेखा प्रमाण पत्र आवेदन की हार्डकॉपी के साथ वेरीफिकेशन के लिए विद्यालय में जमा करें। उक्त जानकारी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल फिंगेश्वर के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर के द्वारा दी गई है।

# दानवीर भामाशाह की जयंती मनाने को लेकर बैठक हुई

**नवापारा-राजिम।** आगामी 21 अप्रैल को दानवीर भामाशाह की जयंती भामाशाह समिति एवं साहू समाज द्वारा भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में बुधवार को नगर साहू समाज परिक्षेत्र नवापारा,युवा प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ,मंदिर समिति एवं दानवीर भामाशाह समिति के पदाधिकारियों की बैठक भक्त माता राजिम-कर्मा-



दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से भामाशाह समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू,नगर साहू समाज के संरक्षक गण छन्नूलाल साहू,प्रेमलाल साहू,रज्जू साहू,कन्हैया साहू,सुरेंद्र साहू,डॉ लीलाराम साहू, भागीराम साहू, पूर्व पार्षद मयाराम साहू,संतोष साहू,चंद्रिका साहू,ललिता साहू, धनमती साहू,दीपक साहू,वीरेंद्र साहू,डिगेश्वर साहू,कोमल साहू,सुखराम साहू सहित अन्य सामाजिक गण उपस्थित थे। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को दानवीर भामाशाह जयंती भव्य रूप से मनाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा इसके अलावा बैठक में विभिन्न विषयों पर भी विचार विमर्श कर आगे के रूपरेखा तैयार किया गया।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

खबर संक्षेप



## शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि 1.25 हजार रुपए हो

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, वित्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1 लाख 25 हजार रुपए स्वीकृत करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा, प्रदेश संयुक्त सचिव यशवंत बघेल आईटी सेल गिरीश शर्मा, टिकेंद्र यदु, जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, लता ध्रुव जिला उपाध्यक्ष भुवन यदु, घनश्याम दिवाकर, जमशीर कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू, जितेंद्र सोनवानी, गोविंद पटेल, संतोष साहू, धवलेश्वर बहरा, नंदकुमार रामटेके, सुरेश केला किरण साहू, प्रहलाद मेश्राम, कमलेश बघेल, डगेश्वर ध्रुव ने कहा कि वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र वित्त निर्देश 8. 2015 छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग मंत्रलय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक 72एल 2014–71–00331 विनिचार नया रायपुर, दिनांक 24 मार्च,2015 में शासकीय सेवा में रहते हुए किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के छः माह के बराबर, अधिकतम 50,000 की सीमा तक अनुग्रह राशि दिए जाने का प्रावधान है।

### सुशासन तिहार : मैनपुर क्षेत्र में पांच हजार से अधिक आवेदन जमा

# समाधान पेटी में मांग, समस्या और शिकायत संबंधी लोगों ने डाले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुशासन तिहार को लेकर लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया है। लोगों का कहना है कि इस सुशासन तिहार से समस्याओं का समाधान होगा। वहीं मांगें भी पूरी होंगी। साथ ही शासन–प्रशासन के समक्ष अपनी बातें रखने का मौका भी मिलेगा।

■ लोगों में उत्साह, सेल्फी जोन में फोटो खिंचवा रहे ग्रामीण

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से गांव-गांव ग्राम पंचायतों में मांग शिकायत समस्या संबंधी आवेदन जमा करने भारी भीड़ लग रही है तेज धुप के बावजूद लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग बड़ी संख्या में पंचायतों में पहुंचकर आवेदन जमा कर रहे हैं और सुशासन त्योहार को अच्छा प्रतिसाद मिलने लगा है। सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों में रखे समाधान पेटी में लोग आकर अपनी मांग, समस्या और शिकायत संबंधी आवेदन डालते नजर आ रहे है। अब तक मैनपुर क्षेत्र में पांच हजार से अधिक आवेदन लोगों ने जमा किया है। ग्राम पंचायत मैनपुर कला में सेल्फीजोन में आवेदन जमा करने वाले ग्रामीण फोटो भी खिंचवा रहे हैं।

मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत मैनपुर कला में गुरुवार को सुशासन तिहार में भारी भीड़ रहा यहां बिहान समूह के महिलाओं द्वारा घर-घर जा कर जन जागरूकता अभियान, रंगोली बना के प्रचार प्रसार, रैली के मध्यम से जन जागरूकता अभियान, आवेदनकर्ता को तिलक एवं फूल देकर स्वागत किया जा रहा है। साथ ही सेल्फीजोन बनाया गया है जहां ग्रामीण आवेदन जमा करने के साथ फोटो भी खिंचवा रहे है।

### पानी व छांव की व्यवस्था करें : श्वेता

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ग्राम मैनपुरकला पहुंचकर ग्रामीणों को बेझिझक आवेदन जमा करने कहा है साथ ही ग्रामीणों के लिए पानी छांव की व्यवस्था करने भी कहा है। इस मौके पर मनरेगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, विकास खंड प्रबंधक हेमन्त, ग्राम पंचायत के सरपंच गजेन्द्र नेगी उप सरपंच सुधीर ठाकुर पंच लाल सिंह, बिहान से रेवती मनहरे, विजय रात्रे, पार्वती बघेल, ईश्वरी ध्रुव अमली नागेश, वंदना नेताम, सविता नेगी, मानतिन नेताम, इंद्र ध्रुव, गंगा बाई नेताम, चमरी बाई नागेश, दिगेश्वरी सोनी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





### पैतृक जमीन के विवाद संबंध में दिया आवेदन

दूरस्त वनांचल छिन्दौला क्षेत्र में रामेश्वर ने ने पैतृक जमीन के विवाद संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होने बताया कि इससे पहले भी वे इस प्रकरण को लेकर लगभग विभिन्न विभागों में आवेदन किए हैं। अब समाधान पेटी में आवेदन डाले हैं। उन्होंने प्रदेश के मुखिया साय पर भरोसा जताया और कहा कि मुझे विश्वास है कि मेरी समस्या का समाधान जरूर निकल आयेगी। गैंदु यादव ने बताया उन्होने मैनपुर को नगर पंचायत,तालाब सौदर्यीकरण, अस्पताल में महिला डॉक्टर, कांजी हाउस भवन, तटबंध निर्माण के लिए आवेदन दिया है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र के कई युवाओं ने रोजगार संबंधीत आवेदन मांग पत्र जमा कर कहा कि जरूर उन्हे रोजगार उपलब्ध कराई जायेगी कई दिव्यांगजनों ने आवेदन जमा किया।

## कलेक्टर अग्रवाल ने पंचायत सारागांव का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सुशासन तिहार कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत सारागांव में निरीक्षण किया। साथ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन बिहान की दीदियों से मिले। दीदियों द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागतपरांत दीदियों को जैविक खेती, दलहन, तिलहन के माध्यम से आजीविका बढ़ा कर लखपति बनने पर जोर देने के साथ-साथ साफ सफाई, ग्रामीण जनों की समस्याओं पत्र के माध्यम से देने पर मार्ग प्रशस्त किए। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद, जिला पंचायत अधिकारी कुमार नागेश, डीपीएम कार्यक्रम अधिकारी पतंजलमिश्रा, कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सतीश चंद्रवंशी, आरएस सोरी एसडीएम छुरा, तहसीलदार, तारेंद्र ठाकुर नायब तहसीलदार छुरा, सुभाष निर्मलक बीपीएम छुरा, शीतल ध्रुव समाजसेवी, पीआरपी अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण, ग्राम सरपंच, ग्राम संगठन पदाधिकारी, ग्रामीण जन, एवं बिहान के समस्त दीदीयां उपस्थित थी।




## विधायक इंद्रकुमार व नपा अध्यक्ष ने भगवान महावीर से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महावीर जयंती के अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने भगवान महावीर स्वामी का पूजा कर आशीर्वाद लिया। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी है। उन्होंने संपूर्ण मानव समाज को जाति, धर्म, लिंग के आधार पर भेदभाव न करने का संदेश दिया। नवापारा नगर पालिका के सामने भगवान महावीर की शोभायात्रा का स्वागत पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं पार्षदों ने किया। पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भगवान महावीर की पूजा कर नगर में सुख-शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। ओमकुमारी ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीथंर्कर थे। महज 30 वर्ष की आयु में महावीर स्वामी ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और सन्यास धारण कर आत्म कल्याण के पथ पर निकल गए। उन्होंने अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा दी। आज पूरी दुनिया भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग को अनुकरण करती है। इस अवसर पर सहदेव कंसारी, मयाराम साहू, नम्मू ध्रुव, जीना निषाद, टिंकू सोनी, भागवत देवांगन, देवेंद्र सेन, जित्तू साहू, धीरज साहू, मुकुंद मेश्राम, धनमती साहू सहित गणमान्य नागरिकों ने भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123